दिनांक 27/10/2021

## महेंद्रगढ़-नारनौल

# स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण में सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में लगा एक दिवसीय एनएसएस शिविर



भास्कर न्यूज | कनीना

राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत कोविड-19 संबंधी सरकारिक दिशा -निर्देशों की अनुपालना करते हुए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विक्रम यादव ने की।

श्रमदान करती हुई स्वयंसेविकाओं ने संपूर्ण महाविद्यालय भवन के कमरों तथा बरामदों की झाड़ू, पोंछा लगाकर एवं जाले उतारकर सफाई की तथा उद्यान की खरपतवार को भी दूर किया। श्रमदान के उपरांत स्वयं सेविकाओं के लघु जलपान की व्यवस्था कर, संगोष्ठी के माध्यम से उनका ज्ञानवर्धन किया गया। प्राचार्य डॉ. विक्रम ने अपने वक्तव्य में एनएसएस के प्रतीक चिन्ह तथा स्वच्छता एवं पर्यावरण के संदर्भ में एक रोचक व्याख्यान दिया। डॉ. सुधीर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के सामाजिक दायित्व के बारे में विस्तार से बताया।

प्रोफेसर राजेश कुमार ने आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रकाश डालते हुए इतिहास के रोचक तथ्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. सीमा देवी ने महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों डॉ.अंकिता यादव, कविता, हरपाल, अनिल, धनेश, मोनू यादव, अनिल, कंवर सिंह, पूनम के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

दैनिक जागरण
दिनांक 27/10/2021

# उन्हाणी कालेज की छात्राओं ने की सफाई



उन्हाणी कालेज परिसर की सफाई के बाद छात्राएं • जागरण

संस, कनीनाः राजकीय कन्या महाविद्यालय उन्हाणी में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत कोविड 19 संबंधी सरकारी दिशा -निर्देशों की अनुपालना करते हुए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप की अध्यक्षता प्राचार्य डाक्टर विक्रम यादव ने की। श्रमदान करती हुई स्वयंसेविकाओं ने संपूर्ण महाविद्यालय भवन के कमरों तथा बरामदों की झाड़ू, पोछा लगाकर एवं जाले उतारकर सफाई की तथा उद्यान की खरपतवार को भी दूर किया। संगोष्ठी के माध्यम से उनका ज्ञानवर्धन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डाक्टर विक्रम ने अपने वक्तव्य में एनएसएस के प्रतीक चिन्ह तथा स्वच्छता एवं पर्यावरण के संदर्भ में एक रोचक व्याख्यान दिया। डाक्टर सुधीर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के सामाजिक दायित्व के बारे में विस्तार से बताया। प्रोफेसर राजेश कुमार ने आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रकाश डालते हुए इतिहास के रोचक तथ्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजिका डा सीमा देवी ने सभी सदस्यों डा . अंकिता यादव, कविता, , अनिल, धनेश, मोनू यादव, अनिल,कंवर सिंह, पूनम के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।